卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 155 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦12 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# उजाड़े जाने के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी

## विरोध में बंद रही राम मनोहर लोहिया मार्केट,व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रामनगर में प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग के दोनों ओर किए जा रहे सौंदर्यीय कार्य के साथ दशकों पूर्व से रोजगार कर कर रहे दुकानदारों को उजाड़ने के खिलाफ रविवार को व्यापारियों का गुस्सा सड़क पर उतर आया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व राममनोहर लोहिया मार्केट अध्यक्ष आशू ग्रोवर के नेतृत्व में राममनोहर लोहिया तथा समोसा मार्केट के सैकड़ों प्रभावित व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को गलत बताते हुए आज काला दिवस मनाकर हाथों पर काली पट्टी बांधी और प्रदर्शन के साथ नगर में जुलूस भी निकाला। इससे पूर्व सैकड़ों प्रभावित व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर राममनोहर लोहिया मार्केट में एकत्रित हुए। जहां आयोजित सभा को संबोधित करते व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि प्रशासन पिछले काफी समय से व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों

### समर्थन में समोसा मार्केट भी बंद

रूद्रपुर। प्रशासन द्वारा सौंदर्यीय करण के नाम पर मुख्य मार्ग के दोनों ओर व्यापारियों को उजाड़े जाने के विरोध में व्यापारियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को समोसा मार्केट के व्यापारियों ने अपना पूरा समर्थन देते हुए डी डी चौक से अग्रसेन चौक तक सम्पूर्ण समोसा मार्केट को बंद रखा। उन्होंने रोषित होकर कहा कि प्रशासन पिछले कई सालों से अतिक्रमण के नाम पर छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। उजाड़ने से पहले प्रशासन प्रभावित व्यापारियों को बसाने की व्यवस्था करे। अब व्यापारी एकजुट होकर अपने हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा।

मार्ग के दोनों ओर पिछले करीब पचास वर्षों से तीन पीढ़ियों के साथ रोजगार कर रहे व्यापारियों को सौंदर्यीयकरण व चाहता है तो व्यापारी इसमें सहयोग करने को तैयार हैं। श्री जुनेजा ने कहा मार्ग के दोनों ओर के व्यापारी देवभूमि के प्राकृतिक भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि जहां तक मार्ग चौड़ीकरण की बात है तो इस संदर्भ में पूर्व में अधिकारियों से कई बार वार्ता हो चुकी है। एनएच अधिकारी पहले इंद्रा चौक से कोतवाली, दूरसंचार विभाग, पोस्ट ऑफिस, नगर निगम, उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जल संस्थान कार्यालय के मार्ग चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले निर्माण को तोड़ने की हिम्मत जुटाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधि कारियों ने हमेशा व्यापारियों को कमजोर कड़ी माना है जिसे जब चाहा तोड़ दिया। कई दशकों से किराया व तहबाजारी देते आ रहे हैं। सभा को सुरेन्द्र तनेजा, व्यापार मंडल महामंत्री हरीश अरोरा, आशू ग्रोवर सहित अनेक व्यापारियों ने भी संबोधित किया। सभा के पश्चात व्यापारी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में रवाना हुए। जुलूस कई मार्गों पर से होकर गुजरता हुआ वापस राममनोहर लोहिया मार्केट में समाप्त हुआ। जहां व्यापारियों ने अपना धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रखा। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह, अनमोल खुराना, बल्देव राज ग्रोवर, अमरजीत सिंह, नंद किशोर, श्याम





रोडवेज के सामने राममनोहर लोहिया मार्केट के समक्ष एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने प्रशासन की इस का उत्पीड़न किया गया और अब रामनगर में प्रस्तावित जी 20 सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन विदेशी मेहमानों को खुश करने के लिए मुख्य अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने में तुला हुआ है। जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन विदेशी मेहमानों को खुश करना सौंदर्य को दर्शाती फ्लैक्सी से मेहमानों से गुजरने से पूर्व अपने प्रतिष्ठानों को ढक देंगे। इससे प्रशासन का उद्देश्य भी पूरा हो जाएगा और व्यापारियों का रोजगार लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। व्यापारी उत्पीड़न के खिलाफ पूरी तरह से एकजुट हो गया है। लोहिया मार्केट के व्यापारी निगम को नियमित रूप से पिछले धींगरा, दीपक धींगरा, मोइनुद्दीन, हरीश आहूजा, तिलकराज,अश्वनी कुमार, इदरीस, सुरेंद्र सिंह,कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेरोजगारी से तंग युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया। जानकारी के अनुसार बेलही देवरिया उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय विनोद कुमार गुप्ता उर्फ बिल्ला पुत्र स्व. राजबली गुप्ता पंतनगर विवि परिसर की इंदिरा कॉलोनी में अपनी पत्नी व चार बेटियों के साथ झोपड़ी में रहता था। उसके ससुराल वाले भी वहीं पड़ोस में ही रहते हैं। स्वभाव से बेहद सरल और मिलनसार विनोद सिडकुल की एक कंपनी में बतौर श्रमिक कार्यरत था। जिसे डेढ़ माह पूर्व काम से हटा दिया गया था। जिसके बाद से वह बेरोजगारी के चलते परेशान रहता था। शनिवार की देर रात उसकी पत्नी पड़ोस में अपने मायके से घर गई तो विनोद झोपड़ी में ही टीन शेड के एंगल से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटक गया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों व परिजनो ने उसे फंदे से उतारा। परिजनों के अनुसार, उस समय विनोद की सांसे चल रही थीं, इसलिए वह लोग तत्काल उसे (शेष पृष्ठ सात पर)

# मेयर और पार्षदों ने व्यापारियों को दिया समर्थन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जी-20 सम्मेलन की आड़ में हाईवे की दुकानों को उजाड़े जाने के खिलाफ मेयर रामपाल सिंह और सभी पार्षद व्यापारियों के समर्थन में आ गये हैं। मेयर रामपाल की अगुवाई में रविवार को नगर निगम में पार्षदों की बैठक हुयी। जिसमें तय किया गया कि व्यापारियों को जी-20 की आड़ में नहीं उजड़ने दिया जायेगा इसका पुरजोर विरोध होगा जिसमें मोहन खेड़ा, रमेश कालरा, प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान की अगुवाई में पार्षदों की कमेटी गठित की गई बैठक में मेयर ने कहा कि रोडवेज के पास जिन दुकानों को उजाड़ने का नोटिस दिया गया है वह लोग पिछले चार दशकों से वहां पर कारोबार करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। इन व्यापारियों की रोजी रोटी का कोई जरिया नहीं है। मेयर ने कहा कि अगर प्रशासन जी-20 के लिए रोड का



सौंदर्यीकरण चाहता है तो फिलहाल कुछ दिन के लिए रोडवेज के पास की दुकानों को बंद रखकर दुकानों के आगे पर्दे लगाकर काम चला सकता है। लेकिन जी-20 की आड़ में व्यापारियों को उजाड़ने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि दुकानों को यहां से हटाना है तो पहले व्यापारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करके उन्हें कहीं और जगह आवंटित की जाये ताकि वह अपना कारोबार कर सकें। मेयर ने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने दो दिन पहले भी डीएम से मुलाकात की थी तब डीएम ने उन्हें आश्वस्त किया था कि सम्बंधित विभागों की बैठक बुलाकर बीच का रास्ता निकाला जायेगा लेकिन डीएम के आश्वासन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन मनमानी पर उतारू है। कल वह पुनः इस मामले को लेकर पार्षदों के साथ डीएम से मिलेंगे और व्यापारियों को राहत दिलाये जाने की पुरजोर मांग करेंगे। बैठक के पश्चात मेयर और पार्षदों ने व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। मेयर ने कहा कि नगर निगम प्रभावित व्यापारियों के साथ है। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, अबरार,रमेश कालरा,(शेष पृष्ठ 7 पर)

# दस हजार के दो ईनामी बदमाशों को दबोचा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नशे की तस्करी में लिप्त दस माह से फरार चल रहे 10-10 हजार के वांछित दो इनामी बदमाशों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की। पुलिस ने दोनों अपराधियों को न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हें जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव एवं पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों को धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली की 10-10 हजार के दो वांछित इनामी बदमाश अन्य स्थान



में भागने की फिराक में हैं। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ अपराधियों को धरपकड़ हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान पुलिस को दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो पुलिस को देखकर दोनों अपराधी भागने लगे। पुलिस ने नानक सागर पार घेराबंदी कर 10 माह से फरार चल रहे दस दस के इनामी बदमाश ग्राम गिद्धौर निवासी जसवीर सिंह, कुलविंदर सिंह उर्फ पम्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों अपराधियों को थाने ले आई। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि दोनों अपराधि यों के खिलाफ (शेष पृष्ठ सात पर)

# सैन्य सम्मान के साथ हुई शहीद की अंत्येष्टि

रूद्रप्रयाग (उद ब्यूरो)।शिलांग में शहीद हुए रुद्रप्रयाग निवासी हवलदार कुलदीप भंडारी की रविवार को मंदाकिनी नदी किनारे पैतृक घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतेष्टि की गई। शहीद के 15 वर्ष के बेटे ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। बता दें कि अगस्त्यमुनि ब्लॉक के फलई गांव निवासी व शिलांग में तैनात रहे 35 असम रायफल में तैनात हवलदार 42 वर्षीय जवान कुलदीप सिंह भंडारी ऑपरेशन ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। शनिवार देर शाम शहीद का पार्थिव शव सेना के हेलीकॉप्टर से देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचाया गया था।



शहीद अपने पीछे बूढ़ी मां, पत्नी, 15 वर्षीय पुत्र आयुष व 18 वर्षीय पुत्री ईशा को छोड़ गए हैं। जबकि पिता हुकुम सिंह भंडारी का करीब डेढ़ पूर्व निधन हो चुका है। इधर, विधायक शैलारानी रावत, विध ायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, पूर्व विधायक मनोज रावत ने घटना पर दुख प्रकट किया है। ग्राम प्रधान विजयपाल सिंह राणा ने बताया कि 35-असम रायफल के जवान कुलदीप सिंह भंडारी बीते डेढ़ माह पूर्व छुट्टी पर घर आए थे। बताया कि वह काफी हंसमुख थे। वह, गांव में होने वाले सामाजिक कार्यों में भी खूब उत्साह से भाग लेते थे।

# ऊधमसिंह नगर में धान खरीद घोटाले का भंडाफोड़

## उत्तर प्रदेश और बिहार से सस्ता धान लेकर मिलर उसे उत्तराखंड के किसान से खरीदना दिखाकर काट रहे चांदी

रूद्रपुर। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले में बड़े पैमाने पर धान खरीद घोटाला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मामला धान खरीद सत्र 2021-22 का है। यहां किसानों की ओर से ऐसी भूमि पर धान उगाना दर्शाया गया है, जिस पर पहले से स्कूल, कब्रिस्तान, एनएच-74 और शमशान घाट बने हैं। प्रदेश में समर्थन मूल्य योजना के तहत बीते वर्ष धान खरीद सत्र में क्रय एजेंसी उत्तराखंड सहकारिता संघ (यूसीएफ) के माध्यम से संचालित धान क्रय केंद्र नकटपुरा में मानक से अधिक तौल की गई। जिले के एक अकेले धान खरीद केंद्र नकटपुरा की जांच में 46 किसानों का 6520 कुंतल अतिरिक्त धान तौला गया है, जो वास्तव में कहीं उगाया ही नहीं गया। इसकी कीमत करीब एक करोड़ 27 लाख रुपये बैठती है। जिले में वर्ष 2021-22 में ऐसे करीब 200 धान खरीद केंद्र थे, जिनकी जांच होनी बाकी है। अभी तक इनमें से उप निबंधक स्तर पर नौ सेंटरों की जांच की जा चुकी है। इनमें नौ सेंटरों में से जिला प्रशासन के स्तर पर एक सेंटर की जांच ही पूरी हो पाई है।एक हेक्टेयर भूमि पर करीब 60 कुंतल धान की पैदावार होती है। यहां करीब 108 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर धान उगाना दिखाया गया है। इस पर उप निबंधक सहकारी समितियां कुमाऊं मंडल की ओर से जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर को पत्र लिखकर संबंधित किसानों की राजस्व अभिलेखों में दर्ज कुल भूमि का सत्यापन कराया गया तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। किसानों की ओर से जिस भूमि पर यह धान उगाना दिखाया गया, वह भूमि राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज ही नहीं है।सरकार के भू-लेख पोर्टल पर कतिपय किसानों की ओर से पोर्टल पर अपलोड की गई भूमि, जिसके आधार पर धान खरीद की गई है, ऐसी भूमि कब्रिस्तान, शमशान और स्कूल भवन दर्ज है। उपनिबंधक सहकारी समितियों के अनुरोध पर जिलाधिकारी की ओर से कराई गई जांच में इसकी पुष्टि हुई है। गड़बड़ी कैसे की गई, उदाहरण के तौर पर हम इसे ऐसे समझते हैं। एक किसान जिसका खाता संख्या 144 है। किसान ने 0.773 हेक्टेयर जमीन पर धान उगाना दिखाया है, जबकि जांच में सामने आया है किसान के पास मात्र 0.126 भूमि है। किसान ने भूलेख पोर्टल पर जो खसरा नंबर दर्शाया है, उस पर कब्रिस्तान है। एक अन्य मामले में किसान की ओर से खाता संख्या 00156 में कुल जमीन 2.09 दर्शायी गई है, जबकि किसान के खाते में मात्र 0. 3670 जमीन दर्ज है। दर्शायी गई जमीन पर एक इंटर कॉलेज स्थापित है, जिसका मालिक कोई और है। जांच में ऐसे करीब 46 मामले पकड़ में आए हैं। यूपी, बिहार से सस्ता धान लेकर मिलर उसे उत्तराखंड के किसान से खरीदना दिखाकर चांदी काट रहे हैं। उत्तराखंड में सरकार की ओर से धान का समर्थन मूल्य 1960 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। किसान को अपना धान खरीद केंद्रों पर बेचने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण कराना होता है। इस पर किसान को एक आईडी नंबर मिल जाता है। इसमें गांव, जमीन, खसरा नंबर इत्यादि की पूरी जानकारी होती है। किसान की ओर से दी गई जानकारी का सत्यापन करना प्रशासन की जिम्मेदारी होता है, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। किसानों के नाम अतिरिक्त भूमि दिखाकर उनके नाम पर बाहर से खरीदा गया धान बेचा जा रहा है। इस खेल में किसान, सेंटर इंचार्ज से लेकर मिलर तक की भूमिका संदिग्ध है।

# स्वास्थ्य विभाग ने इंफ्लूएंजा वायरस से बचाव के लिये उत्तराखंड में जारी की एडवाइजरी

देहरादून। एच3एन2 (इंफ्लूएंजा वायरस) के देश के विभिन्न हिस्सों में मामले सामने आने के बाद उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। वायरस के प्रकोप से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसे लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि एच3एन2 से बचाव के लिए सावधानी की आवश्यकता है, घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कमजोर इम्युनिटी वाले व्यक्तियों में इस फ्लू के ज्यादा खतरे को देखते हुए उन्हें भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। खासकर अस्थमा और लंग इंफेक्शन के मरीजों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इस संक्रमण से बचाव के लिए ज्यादा एहतियात बरतने की सलाह दी है। मौसम के कारण भी यह संक्रमण तेजी से अपनी चपेट में ले सकता है। इस संक्रमण के कारण लोग खांसी, जुकाम, बुखार, डायरिया, उल्टी और शरीर में दर्द जैसी बीमारी का शिकार हो सकते हैं। इससे बचाव को लेकर मास्क और शारीरिक दूरी की सलाह दी गई है। आमजन को भीड़ वाली जगह से बचने को कहा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन ने बताया कि एच3एन2 का अभी कोई मामला रिपोर्ट नहीं हुआ है। दून मेडिकल कालेज अस्पताल में इससे संबंधित जांच हो रही है। अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। मास्क, शारीरिक दूरी आदि के नियमों का पालन करने को कहा गया है। **वायरस के ग्रसित होने के लक्षण:** एक सप्ताह या इससे अधिक के दिन तक बुखार।बुखार भी तेज होना।खांसी काफी समय तक रहना।बलगम की परेशानी बढ़ना। नाक से पानी आना।सिर में दर्द रहना।उल्टी जैसा महसूस होना।भूख का कम होना।शरीर में दर्द रहना। **इंफ्लूएंजा फ्लू से करें अपना बचाव:** बाहर निकलते समय या आफिस में हमेशा फेस मास्क पहनें। खांसते या छींकते समय नाक और मुंह को अच्छी तरह कवर करें भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। हाथों को समय-समय पर पानी और साबुन से धोते रहें। खुद को हाइड्रेट रखें, पानी- फ्रूट जूस या अन्य पेय पदार्थ लेते रहें। नाक और मुंह छूने से बचें। बुखार आने की स्थिति में पैरासिटामोल लें। पब्लिक प्लेस पर न थूकें और न ही हाथ मिलाएं। किसी भी तरह के शारीरिक संपर्क से बचें। चिकित्सक की सलाह लिए बगैर एंटीबायोटिक नहीं लें।

# परीक्षा भर्ती घोटाले में फरार भाजपा नेता संजय धारीवाल को प्रधान पद से हटाया

रुड़की। जेई-एई की परीक्षा भर्ती घोटाले में फंसे भाजपा मंगलौर ग्रामीण के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं मोहम्मदपुर जट के प्रधान संजय धारीवाल को एक ओर झटका लगा है। गांव में नहीं मिलने के चलते प्रधान के अधिकार को सीज कर दिया गया है। साथ ही उप प्रधान को अब अधिकार दे दिए है। अब वहीं गांव की बागडोर संभालेंगे। परीक्षा भर्ती घोटाले में भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय धारीवाल का नाम आने के बाद भाजपा ने उससे किनारा कर लिया था। 23 जनवरी को उससे त्यागपत्र ले लिया गया। बाद में 25 जनवरी को उसे भाजपा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। संजय धारीवाल गांव का प्रधान भी था। इसी बीच पुलिस की ओर से उस पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया था। साथ ही पिछले दिनों पुलिस की ओर से उसके घर पर कुर्की की उद्घोषणा का नोटिस भी चस्पा किया गया था। इस दौरान गांव में मुनादी भी कराई गई थी। जनवरी एवं फरवरी माह में शासन की ओर से राज्य वित्त एवं 15 वें वित्त की किश्त भेजी गई थी। गांव के खाते में 15 लाख रुपये का बजट विकास कार्यों के लिए आया हुआ है। कुछ विकास कार्यों का बजट तो 31 मार्च तक ही है। उसके बाद यह बजट लैप्स हो जाएगा। वहीं संजय धारीवाल गांव छोड़कर फरार है। ऐसे में विकास कार्य नहीं हो पा रही है। इसके चलते अब जिला प्रशासन ने उसके अधिकार ही सीज कर दिये है। एडीओ पंचायत नारसन धर्मपाल तेजवान ने बताया कि अब उप प्रधान पुष्पेन्द्र को प्रधान की बागडोर सौंप दी गई है।

# पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है और ज्यादातर क्षेत्रों में धूप खिल रही है। हालांकि, ताजा पश्चिमी विक्षोभ के आज शाम तक दस्तक देने की उम्मीद है। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम करवट बदल सकता है। कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की वर्षा के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में आंशिक बादल छाये रहने के साथ धूप खिली रह सकती है। पिछले कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण वर्षा नहीं हो रही है। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। देहरादून समेत अधिकतर मैदानी क्षेत्रों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। सुबह कुछ क्षेत्रों में अब भी हल्की ठंड है, लेकिन रात को उमस महसूस की जाने लगी है। हालांकि, मौसम अगले कुछ दिन करवट बदल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार रविवार शाम तक पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड में सक्रिय हो सकता है। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा के आसार हैं। सोमवार को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मैदानी क्षेत्रों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# नैनीताल में आवारा कुत्तों का आतंक

## एक सप्ताह में 45 को काटा,17 कुत्तों को खूंखार किया घोषित

नैनीताल। सरोवर नगरी में एक बार फिर आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। पिछले एक सप्ताह में 45 लोगों को आवारा कुत्तों ने जख्मी किया है। पर्यटन सीजन से पहले बढ़े इस आतंक ने नगरपालिका व प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। विशेषकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। हाईकोर्ट ने भी नैनीताल में आवारा कुत्तों के आतंक का संज्ञान लेते हुए नगरपालिका को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शहर में बीते कुछ वर्षों में आवारा कुत्तों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पालिका की ओर से बधियाकरण के बावजूद इनकी संख्या बढ़ रही है। इधर मौसम में बदलाव आने के बाद सड़कों, गलियों और आम रास्तों पर अड्डा जमाए इन कुत्तों के व्यवहार में भी बदलाव हो रहा है। जिस कारण राहगीरों के लिए भी यह परेशानी का सबब बन चुके है। बीते एक सप्ताह में 45 लोग आवारा कुत्तों के काटने का शिकार हुए हैं। अब पर्यटन सीजन भी शुरू होने को है। ऐसे में इन कुत्तों पर लगाम लगाना भी चुनौती साबित हो रहा है। आवारा कुत्तों के लोगों को काटने का संज्ञान हाई कोर्ट भी ले चुका है। कोर्ट की सख्ती के बाद नगर पालिका ने पशु पालन विभाग के साथ मिलकर शहर में सर्वे किया था। लोगों से पूछताछ व क्षेत्र में मौजूद कुत्तों के व्यवहार के आधार पर 17 कुत्तों को खूंखार घोषित किया गया है। आवारा कुत्तों पर लगाम लगाना पालिका व प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में पालिका रिकार्ड के मुताबिक शहर में 713 आवारा कुत्ते रिकार्ड किये गए है। इतनी अधिक संख्या होने के कारण इन कुत्तों का शहर के बाहर बाड़ा बनाकर पालन पोषण बेहद मुश्किल है। बाड़ा तैयार करने के लिए स्थान के साथ ही इनके रखरखाव का हर माह लाखों का खर्च आएगा। जिससे समस्या अधिक बनी हुई है। ईओ आलोक उनियाल के अनुसार आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। पालिका को हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई की जा रही है। सरोवर नगरी में दशकों से आवारा कुत्तों, बंदर व लंगूरों का आतंक व्याप्त है। सालों पहले हल्द्वानी रोड में दिल्ली की पर्यटक बच्ची के पीछे कुत्ता पड़ गया था, जिससे वह सड़क के नीचे गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दिल्ली में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तल्लीताल में ही एक स्थानीय बच्ची की कुत्ते के आतंक से छत से गिरकर मौत हो गई थी जबकि शेरवानी इलाके में भी इसी तरह की घटना सामने आई थी। शहर के सात नंबर सहित मल्लीताल बीडी पांडेय अस्पताल के समीप की सड़क, माल रोड सहित हर मोहल्ले में आवारा कुत्तों के अड्डे हैं।

# महिलाओं संग बदतमीजी कर रहे युवक को रास्ते से उतारा,चालक को बुरी तरह पीटा

रुड़की। कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर बेल्डा गांव में एक मिनी बस चालक को कुछ लोगों ने जमकर पीटा। जिसमें बस चालक को गंभीर चोट आई है। घायल को उपचार के लिए रुड़की के सिविल अस्पताल में लाया गया है। जानकारी के मुताबिक गुम्बावाला माजरी का निवासी विपिन मिनी बस का चालक है। वह रहमतपुर से एक बुकिंग लेकर रांघड़वाला गांव में गया था। वापसी के दौरान बस में एक युवक ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिस पर बस चालक ने युवक को कलियर रास्ते में उतार दिया। उसके बाद जैसे ही बस चालक रहमतपुर गांव पहुंचा तो युवक उससे पहले ही वहां पहुंच गया। युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपिन के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिसमें चालक को गंभीर चोट आई है। वहीं बस में भी जमकर तोड़फोड़ की गई है। घायलों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

# गैरसैंण में विशाल प्रदर्शन में शामिल होंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांग्रेस जिला इकाई की गैरसैण में होने वाले ग्रीष्मकालीन सत्र में विभिन्न मुद्दों में सरकार को घेरने के लिए वहां धरना देने के लिए रणनीति के लिए बैठक की, यहां आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि 13 मार्च को विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। इस दिन कांग्रेस



कार्यकर्ता गैरसैंण में विधानसभा घेराव करेगी। इसके अलावा विशाल प्रदर्शन भी होगा। जिलाध्यक्ष भगवत डसीलाकी अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महंगाई, भृस्टाचार सहित बढ़ती बेरोजगारी सहित नौ बिन्दुओं पर विचार गोष्ठी हुई,इस दौरान वक्ताओं ने अपनी राय दी,बैठक में पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने कहा कि सरकार खुलेआम संविधान की धज्जियां उड़ा रही है,लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराने वालों को झूठे मुकदमों का भय दिखाकर डराया जा रहा है, वही बेरोजगारों पर देहरादून में हुए लाठीचार्ज और दर्ज हुए मुकदमे से सरकार द्वारा दोहरा चरित्र कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगाया, कांग्रेस नेता राजेन्द्र टँगड़िया ने कहा कि आज बेरोजगार उपेक्षित है। इस दौरान सुनीता टम्टा, दीपक गड़िया, लक्ष्मी धर्मशक्तु,सुरेंद्र गड़िया,किशन गिरी,गौरव परिहार, ललित बिष्ट,गणेश ऐठानीआदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट जारी

## हल्द्वानी की हवा प्रदेश में सबसे साफ और ऋषिकेश की है सबसे खराब

हल्द्वानी। प्रदेश में हल्द्वानी शहर की हवा सबसे साफ है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 114.69 माइक्रो ग्राम प्रति क्यूब दर्ज की गई है। हालांकि मानक के हिसाब से यह



शुद्धता मध्यम दर्जे की है। शुद्ध हवा का मानक 100 माइक्रो ग्राम प्रति क्यूब से नीचे माना जाता है। वहीं सबसे खराब हवा ऋषिकेश की रिकार्ड हुई है। यहां एक्यूआइ स्तर 147.88 माइक्रो ग्राम प्रति क्यूब है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी जनवरी 2023 की रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है। हालांकि अब आने वाले दो-तीन महीने में वनाग्नि और बढ़ती गर्मी के कारण वायु की गुणवत्ता को खराब होने से रोकना चुनौतीपूर्ण रहेगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से हवा की गुणवत्ता की निगरानी रखने के लिए आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। इनके आधार पर साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक रिपोर्ट तैयार होती है। पीसीबी की ओर हाल ही में जनवरी की रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर की हवा की गुणवत्ता का मापन किया गया है। इस दौरान सभी शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) मध्यम कैटेगरी में दर्ज की गई है। इसके अलावा पार्टीकुलेट मैटर-2.5 के मामले में ऋषिकेश 76.84 और हरिद्वार में 84. 79 दर्ज हुआ है, जबकि यह 24 घंटे में 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। कोरोना काल के दौरान लाकडाउन से हवा की गुणवत्ता में काफी सुधार देखने को मिला था। पहले लाकडाउन में देहरादून 72, ऋषिकेश 54, हरिद्वार 61, काशीपुर 75, रुद्रपुर 72 और हल्द्वानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 71 माइक्रो ग्राम प्रति मीटर क्यूबिक रिकार्ड हुआ था, जबकि दूसरे लाकडाउन में देहरादून 82, ऋषिकेश 64, हरिद्वार 32, काशीपुर 78, रुद्रपुर 78 और हल्द्वानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 69 माइक्रो ग्राम प्रति मीटर क्यूबिक रिकार्ड हुआ था। शहरों में एक्यूआइ (माइक्रो ग्राम प्रति मीटर क्यूबिक)ऋषिकेश 147. 88 हरिद्वार 133.03 हल्द्वानी 114.69 देहरादून 127.23 रुद्रपुर 119.35 काशीपुर 117.75 है। शून्य लेकर 50 एक्यूआइ स्तर को सेहत के लिए ठीक माना जाता है, जबकि 51 से लेकर 100 तक एक्यूआइ संतोषजनक, 101 से लेकर 200 तक एक्यूआइ को मध्यम, 201 से लेकर 300 को खराब, 301 से लेकर 400 एक्यूआइ स्तर को बेहद खराब और 401 से 500 तक एक्यूआइ स्तर को बेहद गंभीर माना जाता है।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• Crown, Bridge & Dental Implant
• Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085, 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान (रजिस्ट्रीशुदा) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो.8191024718

# ऑनलाइन मोबाइल बेचने के नाम पर एक लाख की ठगी

गदरपुर(उद संवाददाता)। देश में ऑनलाइन खरीद और लेन-देन में तेजी के साथ ही साइबर ठगी के मामलों में भी अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो रही है एक और टेक्नोलॉजी ने हमारा जीवन आसान बनाया है वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं जो हमें झेलने पढ़ते हैं डिजिटलाइजेशन के दौर में हर चीज हम से सिर्फ एक क्लिक की दूरी पर है इन सब के साथ ऑनलाइन पेमेंट भी बड़े हैं, ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा से हमें खुदरा रुपए की चिंता नहीं रहती है और यह आसान भी है लेकिन इसके साथ ही इस में धोखाधड़ी की संभावना भी बनी रहती है ऑनलाइन ठगी की खबरें हम आए दिन पढ़ते रहते हैं ऐसा ही एक ताजा मामला थाना गदरपुर क्षेत्र में सामने आया जहां कार्तिक पुत्र ओम प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 3 के एक युवक ने सोशल मीडिया के अकाउंट इंस्टाग्राम से एक आईफोन 9000 में खरीदने का आर्डर किया था कार्तिक ने आरोप लगाया है कि उसे बहला-फुसलाकर अपने विश्वास में ले लिया पहली ट्रांसफर वाली रकम मुझको वापस भी मिल गई अब तक एक लाख आठ सौ रु ऑनलाइन पेमेंट से करा लिए हैं और अब ना ही मुझे मोबाइल मिल रहा है ना ही मेरी पेमेंट मिल पा रही है परेशान होकर कार्तिक ने थाने में तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है वहीं थानाध्यक्ष ने तहरीर के आधार पर अदिति खत्री और रोहन के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# अधिकारियों ने बस में बैठकर लिया तैयारियों का जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शनिवार को प्रशासनिक अमले के साथ पंतनगर से गड्प्पू तक बस यात्रा कर जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, नगर निगम, जिला विकास



प्राधिकरण आदि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नोडल अधिकारियों से विस्तार से जानकारी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर मैन पावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह,उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह आदि उपस्थित थे।

# राउंड टेबल इंडिया के प्रयासों से चमका प्राथमिक विद्यालय

गदरपुर(उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था राउंड टेबल इंडिया कि रुद्रपुर शाखा के सौजन्य से गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम केशव गढ़ रिच्छा स्थित प्राथमिक विद्यालय में राउंड टेबल इंडिया संस्था द्वारा विद्यालय की मरम्मत,तार बाढ़, रंगाई पुताई व पेंटिंग्स सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं कोलकाता से आए राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष लखोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राउंड टेबल इंडिया युवाओं की संस्था है जिसमें युवा 40 वर्ष की आयु तक ही योगदान दे सकते हैं यह संस्था भारत सहित दुनिया के 60 देशों में कार्य निर्माण तथा कीरतपुर सरकारी विद्यालय में रेनोवेशन का कार्य करवाया है। वर्तमान में रुद्रपुर टेबल द्वारा रुद्रपुर की जनता इंटर कॉलेज में 4 कमरों का एक भवन निर्माण कराया जा रहा है उसके बाद अब गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम केशवगढ़ रिच्छा के प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन को पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया वही विद्यालय के सौंदर्यीकरण में स्वयं मौजूद रहकर संस्था के सदस्य सुरजीत सिंह यादव को शाल उड़ा कर उनका भी आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रभारी कुलदीप चौहान एवं अध्यापिका नीतू चौहान ने राउंड टेबल संस्था एवं आए हुए





करने के साथ ही विद्यालय के बच्चों को स्कूली बैग व किट वितरित की गयी। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडे व उत्तराखण्ड वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परिहार ने विद्यालय परिसर में कराए गए कार्यों के लिए राउंड टेबल इंडिया के करती है। भारत में इस संस्था की 36 शाखाएं हैं। वही रुद्रपुर शाखा के प्रमुख सिद्धार्थ अरोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रुद्रपुर शाखा की स्थापना 2019 में हुई रुद्रपुर टेबल में कुल 19 सदस्य हैं।संस्था ने इससे पूर्व लालपुर सरकारी विद्यालय में टॉयलेट ब्लॉक का संस्था द्वारा विद्यालय की मरम्मत करा कर तार बाढ़ रंगाई पुताई गेट का निर्माण व पेंटिंग्स बनाई गई। इस दौरान रुद्रपुर शाखा के सदस्य अंकित अग्रवाल, गुरजीत सिंह,हरदीप सिंह का विशेष योगदान देने पर नेशनल प्रेसिडेंट आशीष लकटोरिया ने पुष्पगुच्छ भेंट फूल माला अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान टेबल के सदस्य अमित जिंदल आयुष अग्रवाल, गौरव अरोरा,हरदीप सिंह, राहुल गांधी, श्रुति अग्रवाल, आदित्य अरोरा ,शालू जिंदल,ऋचा अग्रवाल, रीमा अरोरा, विक्रम अग्रवाल सहित संस्था के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परमपिता के ज्ञान को जीवन में उतारें

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। होली के अवसर पर ब्राह्मकुमारी सेवा केन्द्र प्रभू वरदान भवन मे एक मंच अपने जीवन मे परमपिता शिव के सच्चे ज्ञान के गुणों का , शक्तियो का रंग लगाकर अपने जीवन को सफल बनाना सांस्कृतिक कार्यक्रम, थारू लोक नृत्य की सुंदर सुंदर प्रस्तुति दी गयी। लोगो ने कार्यक्रम का जमकर तारीफ की। इस



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी सरोज दीदी सेवा केंद्र प्रभारी ने होली का रहस्य बताते हुये कहा कि हमे है ,जो बीत गई उसको होली समझकर आपसी भेदभाव भुलाकर एक दुसरे को सहयोग देना है। इस अवसर पर अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता,सतीश मिगलानी,दिलीप कार्की, नीलम, कविता,आदि मौजूद थे।

# 12 बीघा जमीन पर होगे ड्रेगन फ्रूट का कार्य: उमा जोशी

बाजपुर (उद संवाददाता)। ब्लाक बाजपुर के अंतर्गत स्थित मधुबन स्वायत्त सहकारिता में ड्रैगन फ्रूट के संबंध में उद्यान विभाग द्वारा एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उमा जोशी द्वारा की गई। जिसमें उद्यान विभाग से मुख्य उद्यान अधिकारी उधम सिंह नगर श्रीमती भावना जोशी, एडीओ उद्यान विभाग केएल सागर, रीप व एनआरएलएम स्टाफ द्वारा भी गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। मधुवन की अध्यक्ष उमा जोशी ने बताया कि सीएलएफ मैं फर्स्ट फेस में 12 बीघा जमीन पर ड्रैगन फ्रूट पर काम किया जाना तय हुआ है। जिसमें ड्रैगन फ्रूट के प्लांटेशन के लिए मधुबन सीएलएफ के माध्यम से 12 किसानों को चुना गया हैं। उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती से महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है इसके विषय में बताया। मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी द्वारा समूह की कमलेश जोशी द्वारा किया गया। इसमें एडीओ बाजपुर कमलजीत कौर व सीनियर हॉर्टिकल्चर इंस्पेक्टर केएल सागर भी उपस्थित थे। रीप परियोजना



महिलाओं को ड्रैगन फ्रूट के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। ड्रैगन फ्रूट की गोष्ठी का संचालन केयर संस्था के की ओर से उमेश छिमवाल व एनआरएलएम की ओर से गगनदीप कौर ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया।

# आल्टो से भिड़े बुलेट सवार युवक, टला हादसा

गरुड़(उद संवादाता)।गरुड़ बैजनाथ से बागेश्वर की ओर आते सड़क पर तेज गति से आते दिखाई दिए, बैजनाथ से बागेश्वर की ओर आ



समय बुलेट बाइक से सड़क पर खूब फर्राटा भरा, बैजनाथ से बागेश्वर को आते समय दो बुलेट वाहन सवार रहे वाहन चालकों को बाइक सवार को पास देना पड़ा, वही तेज गति से फर्राटा मार रहा बूलेट सवार हरिद्वारछीना के समीप विपरीत दिशा से आ रही ऑल्टो कार से टकरा गया, तेज स्पीड के बीच कार से टकराने के बाद गनीमत रही कि बड़ा हादसा नही हुआ, वही पीछे से आए वाहन चालकों द्वारा युवक से जब तेज स्पीड से चलने की बात कही गई तो वह उल्टा ही रौप मारने लगा, वही ऑल्टो कार को टक्कर मारने के बाद युवक उल्टा कार चालक को ही धमकाने लगा, लोगों ने इसकी सूचना बैजनाथ थानाध्यक्ष को दी जिसके बाद थानाध्यक्ष प्रह्लाद सिंह ने चीता टीम को मौके पर भेजा, थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मौके पर ही दोनों पक्षों द्वारा सुलह समझौता हो गया था।

# ग्राम सुरक्षा समिति का किया पुनर्गठन

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गदरपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना गदरपुर क्षेत्र से नशे को जड़ से समाप्त करने को लेकर ग्राम पिपलिया नंबर 1 व 2 तथा महतोष क्षेत्र की महिलाओं व पुरुषों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए ग्राम पिपलिया में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पिपलिया नंबर 1, नंबर 2 तथा महतोष की महिलाओं पुरुषों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए अभियान चलाने में सहयोग करने का संकल्प लिया गया तथा नशा बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने में पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस संबंध में कार्यवाही करने हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु महिलाओं व युवाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाये गये तथा ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन गठन किया।



# भराड़ीसैंण पहुंची स्पीकर ऋतु खंडूरी

## ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में बजट सत्र के लिए आज सायं होगी कार्यमंत्रणा की बैठक, सभी मंत्री व अधिकांश विधायक भराड़ीसैंण पहुंचेगे

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की धामी सरकार का पहली बार बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में 13 मार्च से आहूत किया गया है। बजट सत्र की तैयारियों का विस स्पीकर श्रीमती ऋतु भूषण खंडूरी ने जायजा लिया है। शनिवार देर सायं उन्होंने विधानसभा भवन की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों को आवश्यकदिशा निर्देश दिये। वहीं बजट सत्र के लिए रविवार को कार्यमंत्रणा की बैठक होगी जिसमें सत्र का एजेंडा तय किया जाएगा। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक रविवार को भराड़ीसैंण में होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री समेत सरकार के सभी मंत्री व अधिकांश विधायक रविवार शाम तक भराड़ीसैंण पहुंच जाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री सुबह महिला मोर्चा के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मोर्चा की महानगर इकाई सुषमा स्वराज सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीएम भराड़ीसैंण के लिए रवाना हो जाएंगे। वह वहां दलीय नेताओं की बैठक में हिस्सा लेंगे। रविवार को ही कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। इस बैठक में भी सीएम शामिल होंगे।इसके अलावा सदन को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए सर्वदलीय बैठक होगी। बजट सत्र शुरू होने से पहले 12 मार्च को विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी जिसमें सदन संचालन के लिए एजेंडा तय किया जाएगा। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, बसपा के मोहम्मद शहजाद मौजूद रहेंगे। सत्र के पहले दिन 13 मार्च को सदन में राज्यपाल का अभिभाषण होगा। विस अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें सदन को सुचारू रूप से संचालन के लिए दलीय नेताओं के साथ चर्चा की जाएगी। स्पीकर ने कहा कि सदन को व्यवस्थित ढंग से चलाने में सभी दलों का सहयोग जरूरी है। इसके साथ ही सदन में सभी सदस्यों को जनहित के मुद्दों को उठाने का अधिकार है लेकिन सदन की गरिमा और मर्यादा का पालन होना चाहिए।





# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले धामी

## सीएम ने एनएसए अजीत डोभाल से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शनिवार को शिष्टाचार भेंट कर अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा पर आने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी भेंट की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि नड्डा से चर्चा के बाद अब मुख्यमंत्री अपनी सरकार में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दायित्व बांट सकते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद यह संकेत



दिए थे कि होली के बाद राज्य सरकार दायित्वों की घोषणा कर सकती है। उन्होंने दायित्वों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के नामों की सूची प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम को सौंप दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के कामकाज और राजनीतिक मुद्दों की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी है। माना जा रहा है कि सीएम ने राज्य सरकार के हाल ही में नकल विरोधी कानून, लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया, परीक्षाओं के आयोजन और एसआईटी और एसटीएफ जांच की प्रगति और समूह ग की भर्ती परीक्षा में साक्षात्कार समाप्त करने के संबंध में जानकारी दी। जोशीमठ भू-धंसाव के प्रभावितों को भवन का मुआवजा देने, पुनर्वास योजना और भूमि के चयन के बारे में भी दोनों नेताओं ने चर्चा की। चारधाम यात्रा की तैयारी के बारे में सीएम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

# तीन माह के आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्राएं इस काबिल हों कि छेड़खानी, दुर्व्यवहार जैसी परिस्थितियों से खुद निपट सकें। इसी उद्देश्य से समग्र शिक्षा, उत्तराखंड एवं जिला उधम सिंह नगर शिक्षा विभाग के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भंगा, विकास खंड रूद्रपुर में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई बालिका सुरक्षा कार्यक्रम आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रतियोगिता के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। कहा कि आज जिस तरह की घटनाएं महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहीं हैं, उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा।प्रशिक्षण शिविर में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन उधम सिंह नगर रजि. के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती एवं प्रशिक्षिका हिमा भट्ट द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। सेंसेई ऋषि पाल भारती ने कहा कि अपराध समय और स्थान का इंतजार नहीं करता है, आपके साथ कोई अपराधिक घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने पास मौजूद समान्य चीजों ओर आसपास के वातावरण में मौजूद चीजों को हथियार बनाकर अपराधी का सामना कर खुद को सुरक्षित कर सके। तथा छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-होंन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। प्रतियोगिता में अंडर 12 वर्ष आयुवर्ग में जोया खान ने स्वर्ण, अहाना ने रजत, प्रियंका और जोया ने कांस्य पदक, अंडर 14 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-40 किग्रा) में आराधना ने स्वर्ण, शगुफा ने रजत, मुस्कान और सिमर ने कांस्य पदक, अंडर 14 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-45 किग्रा) में बबिता ने स्वर्ण, सनोवर ने रजत, कोमल और शिफा ने कांस्य पदक, अंडर 14 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-50 किग्रा) में आशिफा सैफी ने स्वर्ण, दुर्गा ने रजत, सोनी और संतोष सक्सेना ने कांस्य पदक, अंडर 16 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-50 किग्रा) में फिजा ने स्वर्ण, समरीन ने रजत, गुंजन और आरजू सक्सेना ने कांस्य पदक जीते। समापन अवसर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के इंद्र पाल, हरीश कुमार, ए.बी जोशी, मोहन लाल, त्रिदेव गंगवार, श्रीमती नीलम आर्य, श्रीमती सीमा राठौर, दुष्यंत कुमार चौहान, सतेंद्र पाल सैनी, सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



# महिला दिवस पर मीना शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वाबलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। श्रीमती शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं कमजोर नहीं है वह हर क्षेत्र में निष्ठा लगन और समर्पण के साथ कार्य करते हुए अपना परचम लहरा रही है। श्रीमती शर्मा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आदर्श कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में महिला उत्थान समिति द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व महिलाओं द्वारा उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा का फूलों की बड़ी माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया । बाद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने अपने अपने विचार रखें । इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को विकास के मामले में ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रही है। यहां श्रीमती शर्मा ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, पार्षद प्रीति साना, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, सरोज रानी, सरोज शर्मा, रेखा देउपा, कंचन, मीरा विश्वास, प्रिया, कुसुम, रूबी मिश्रा, बबली, प्रियंका, ज्योति, कीर्ति, उपासना सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।



# रुद्रपुर राउंड टेबल ने कराया नये क्लासरूम ब्लॉक का भूमि पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर की युवा संस्था रूद्रपुर राउंड टेबल ने राउंड टेबल इंडिया की मुहिम 'फ्री थ्रू एजुकेशन' के अन्तर्गत शहर के सबसे पुराने विद्यालय में जानता इंटर कॉलेज में विधायक शिव अरोड़ा एवं एसपी चंद्रशेखर घोड़के की उपस्थिति में नये कक्षा का भूमि पूजन कराया। इस मौके पर राउंड टेबल इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट मनीष लखोटिया एरिया 8 के चेयरमैन आशीष सिंघानिया और रूद्रपुर टेबल के चेयरमैन विक्रम अग्रवाल ने बताया कि राउंड टेबल इंडिया का उददेश्य गरीब और असक्षम वर्ग को शिक्षा के माध्यम से सक्षम बनाना है। जनता स्कूल में अभी 2200 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है और कक्ष कम होने के कारण बहुत बच्चे शिक्षा से दूर रह रहे है। राउंड टेबल रूद्रपुर ने जिम्मेदारी लेकर तुरंत कक्ष का निर्माण शुरू कराया है। राउंड टेबल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाये देता रहा है। इसी के साथ रिछा गाँव गदरपुर में सरकारी विद्यालय में नया टॉयलेट ब्लॉक बाउंड्री वाल और लोहे का गेट लगाकर उस विद्यालय का भी जीर्णोधार किया गया है। नये ब्लॉक का मुहूर्त गदरपुर के विद्यायक अरविंद पांडे और उत्तराखण्ड वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परिहार ने संयुक्त रूप से किया है। इससे पहले भी रूद्रपुर राउंड टेबल ने लालपुर सरकारी स्कूल में टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण किया था और कीरतपुर सरकारी स्कूल में भी मर्रमत का कार्य कराया था। शिक्षा के साथ साथ रूद्रपुर राउंड टेबल पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अपनी सेवाये दे रहा है। संस्था ने शहर के आवास विकास क्षेत्र में पार्क भी गोद ले रखा है और उसको मैंटेन करने का जिम्मा भी ले रखा है। पार्क में रेनोवेशन कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसमें पार्क में टाइल लगाकर नये जॉगिंग ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। संस्था की इस पहल से सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालों को सुविधा होगी। इसी के साथ पार्क में दो नये गेट भी लगाये गये है जिससे जानवरों के पार्क में विचरण करने पर भी अंकुश लग गया है। संस्था के चेयरमैन विक्रम अग्रवाल और महिला इकाई लेडीज सर्किल की चेयर पर्सन श्रुति अग्रवाल ने आये सभी लोगो का आभार व्यक्त किया और कहा आगे भी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देती रहेगी। इस मौके पर राउंड टेबल के मेम्बर अमित जिंदल, अंकित अग्रवाल, रजत मित्तल, अंकुर श्यामपुरिया, सिद्धार्थ अरोड़ा, श्याम अग्रवाल, पीयूष मित्तल, गौतम सहनी, आयुष गर्ग, हरदीप सिंह, जैदीप सिंह, आयुष अग्रवाल, गुरजीत सिंह, गौरब अरोड़ा, अक्षत मिड्डा, वैभव बतरा, राहुल गांधी, पवन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राजकुमार गावा, ओमप्रकाश अरोड़ा सुभाष खण्डेलवाल और डॉ सतीश अरोड़ा आदि भी मौजूद रहे।









# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राज्यपाल से साझा किये अनुभव

देहरादून (उद संवाददाता)। शनिवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में देश के विभिन्न प्रदेशों से आयीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुलाकात की और अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान प्रशासनिक अकादमी की विशेष निदेशक श्रीमती राधिका रस्तोगी एवं संयुक्त निदेशक श्रीमती सौजन्या भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रदेशों से आयीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में अपने–अपने अनुभव साझा किये। महिलाओं ने बताया कि वे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आजीविका एवं आर्थिक संवर्धन व अन्य महिलाओं को प्रशिक्षण और प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही हैं। जिसमें महिलाएं पशुपालन, कृषि, डेयरी, बैंकिंग, प्रशिक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कार्य कर रही हैं। राज्यपाल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने महिलाओं की सफलता की कहानी सुनकर कहा कि ऐसी क्षमतावान स्वयं सहायता समूह बेहद सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं सभी जिलों में इन समूहों के कार्यों को करीब से देखा है। राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता



महिलाओं के बूते निश्चित ही आर्थिक परिवर्तन की क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से देश की आर्थिक समृद्धि में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की क्षमता के बल पर देश में समृद्धि, खुशहाली व विकास होना निश्चित है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी समूह के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हमें मार्केटिंग, पैकेजिंग, रिटेल व होलसेल मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर विशेष फोकस करना जरूरी है। यहां के स्थानीय उत्पाद बेहतर हैं जिनकी डिमांड विश्वभर में है ऐसे उत्पादों को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आयीं महिलाओं के कार्यों की सराहना की।

# मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीउदयभान जी, ए.एल.पी. के पीछे, आर्क होटल के सामने, बराड़ कॉलोनी, चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार हैसच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायेंपहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने येदोनों हाथ,बिट्टू अरोरा ने तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा कीआरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर





रामपुर रोड, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचेभक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योतप्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम सेबोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवंसभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कालू मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, विराट रस्तोगीने अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा आदि भजन सुनाकर सबकोभक्तिमय कर दिया। पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, आयुष अरोरा, हर्षित ग्रोवर, विशाल मदान, सुनील कुमार, डी के करगेती, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# डिजिटाइजेशन ऑफ इंडिया पर दिया व्याख्यान

गदरपु(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में जी–20 समिति की तरफ से डिजिटाइजेशन ऑफ इंडिया विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय शीतला खेत अल्मोड़ा के प्राचार्य डॉव एलपी वर्मा ने छात्र–छात्राओं को डिजिटाइजेशन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में



डिजिटाइजेशन ने बैंकिंग,रेलवे एवं ट्रैफिक सहित अन्य क्षेत्रों में तकनीकी के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने छात्र छात्राओं को निबंध लेखन के लिए प्रेरित किया और चयनित छात्र–छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाने की भी बात कही। प्राचार्य डॉवशर्मिला सक्सेना ने दैनिक जीवन में डिजिटाइजेशन के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉव अशोक कुमार,डॉवअर्चना वर्मा, तनुजा परिहार, प्रभजोत कौर, संजय कुमार,शिवानी सैनी, किरण कौर,प्रियंका आदि मौजूद थे।

# महिला दिवस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्लान इण्डिया, शिक्षा विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में डेटॉल स्कूल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम के महिला 87 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि महापौर रामपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अनामिका सिंह ज्वाईंट मजिस्ट्रेट (आई०ए०एस० साथ–साथ महिलाओं की सक्सेस स्टोरी पर स्वस्थ चर्चा की गई। लिंग अनुपात की समानता पर बोलते हुए ज्वाईंट मजिस्ट्रेट अनामिका सिंह बढ़ाना है। महापौर रामपाल सिंह ने कहा कि डेटाल के इस अनूठे प्रयास से जो संवाद स्थापित हुआ है इसके सुखद परिणाम होंगे। पार्षद रजनी रावत ने शानदार बना दिया। अन्त में महिला शिक्षको ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। कुमाऊंनी व गढ़वाली गीतो पर भी महिलाएँ झूमी। कार्यक्रम का सफल दिया। कार्यक्रम में डेटाल हाइजीन ओलम्पियाड चैम्पियन (द्वितीय) बेबी प्रिया को भी मंच पर अतिथियों की श्रेणी में रखा गया। सभी प्रतिभागियों







अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम सभागार में हुआ जिसमें सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों की प्रशिक्षु) के अतिरिक्त श्रीमति रजनी रावत, वरिष्ठ समाज सेविका एवं सभासद संघ की अध्यक्षा रही। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के प्रशिक्षु आईएएस ने कहा महिलाए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी क्षमता और कार्य क्षमता से निरन्तर बढ़ रही हैं। समानता के भाव को अभी और महिलाओं के जीवन संघर्ष और सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डाला। रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर महिला शिक्षकों ने कार्यक्रम को संचालन प्लान इडिंया की जिला प्रमुख निशा पाण्डे ने किया। रूद्रपुर वोलंटियर प्लान इण्डिया हसन जैदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु योगदान को डेटाल हाइजीन किट भी भेंट की गई। सभी प्रतिभागियों, अतिथियों का आभार प्लान इण्डिया के प्रदेश प्रबन्धक सैयद अली नकवी ने किया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बुजुर्गों की देखभाल

कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। आमतौर पर लगभग सभी समाजों में बुजुर्गों के जीवन को आसान बनाने और उनका खयाल रखने के लिए सरकारों को विशेष योजनाएं बनानी पड़ती हैं, परिवारों में अलग से उपाय किए जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि वृद्धावस्था में पहुंचे बहुत सारे लोगों को कई बार अपनों के हाथों भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उस स्थिति का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसमें बहुस्तरीय मुश्किलों से जूझते बुजुर्ग स्मृतिलोप या मतिभ्रम का भी शिकार हो जाएं। सामान्य वृद्धावस्था को भी बोझ की तरह देखने वाले परिवार इस समस्या से घिर जाने वाले अपने ही बुजुर्ग सदस्य के प्रति अक्सर पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं बरत पाते। जबकि परिवार या व्यक्ति का सकारात्मक और संवेदनशील रवैया स्मृतिलोप की मुश्किल से घिरे किसी वृद्ध व्यक्ति के भीतर जीवन का संचार कर दे सकता है। मगर व्यवहार के स्तर पर संवेदनशीलता या फिर प्रशिक्षण के अभाव की व्यापक सामाजिक समस्या की वजह से बुजुर्गों का जीवन अपने आखिरी दौर में और ज्यादा मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सहित दुनिया भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए एक शोध में यह बताया गया है कि आने वाले वक्त में भारत में साठ साल या उससे ज्यादा के एक करोड़ से भी अधिक लोगों के डिमेंशिया यानी स्मृतिलोप की चपेट में आने की आशंका है। जर्मन नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक सन 2050 तक भारत की कुल आबादी में साठ साल से ज्यादा उम्र वालों की तादाद करीब उन्नीस फीसद होगी। अगर एक करोड़ से ज्यादा बुजुर्ग स्मृतिलोप जैसी समस्या के शिकार हो जाएं, तो व्यापक पैमाने पर उनका सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन किस तरह की त्रासदी का शिकार होगा, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। हालांकि भारत में पहली बार हुए इस तरह के अध्ययन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का का इस्तेमाल किया गया। यों आधुनिक तकनीकी की क्षमता में लगातार बढ़ोतरी के दौर में कृत्रिम मेधा या बुद्धिमत्ता के आकलन को विश्वसनीय माना जाता है, मगर यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि क्या इसके जरिए मनुष्य के विवेक और बौद्धिकता के मुकाबले ज्यादा विश्लेषणपरक नतीजे हासिल किए जा सकते हैं। दरअसल स्मृतिलोप से ग्रस्त बुजुर्गों के भीतर किसी चीज या बात के बारे में भूलने की समस्या पैदा हो जाती है। इससे गंभीर रूप से परेशान वृद्ध के लिए सामने खड़े व्यक्ति को पहचान पाना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन जिन परिवारों में बुजुर्गों के प्रति पर्याप्त सम्मान, प्यार और संवेदनशीलता बरत पाने वाले लोग होते हैं, उनमें ज्यादा उम्र की अशक्तता के बावजूद किसी वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है। कई बार देखभाल और संवेदना के अभाव से उपजी निराशा और पीड़ा बुजुर्गों को असमय ही कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के दुश्चक्र में डाल देती है। फिर यह पारंपरिक धारणा भी समस्या बनती है कि बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति को ज्यादा आराम करना चाहिए। निश्चित रूप से शरीर की सीमा और क्षमता का ध्यान रखना एक अनिवार्य पहलू है। लेकिन सच यह है कि समस्या के स्रोतों की पहचान, बेहतर खानपान के साथ-साथ शरीर और मन-मस्तिष्क की सक्रियता या व्यायाम आदि के सहारे स्वस्थ रहना संभव है और यह बढ़ती उम्र के लोगों के भी उतना ही जरूरी है। अगर ऐसी स्थितियां निर्मित की जाएं, जिसमें बुजुर्गों की रोजमर्रा की जिंदगी को खुश और सेहतमंद बनाए रखने के इंतजाम हों, तो उन्हें न केवल स्मृतिलोप जैसी कठिनाइयों से बचाया जा सकेगा, बल्कि उनके लंबे जीवन-अनुभवों का लाभ भी समाज और देश को मिल सकेगा।

# स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने प्रारंभ किया एनएसएस विशेष शिविर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए गढ़ीपट्टी को पोषित गांव के रूप में चुना गया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता तथा मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला सम्मिलित हुए। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि वह भी अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रह चुके हैं और उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे



समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। उनके व्याख्यान के बाद महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इस सात दिवसीय विशेष शिविर में पंजीकरण करने के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में बहुत मेहनत के बाद स्वयंसेवक शामिल होते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन शोभा बोरा ने किया। इधर बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक कवीन्द्र बोरा ने नशा उन्मूलन अभियान के बारे बताया गया, साथ ही स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने पोषित गाँव में नुक्कड़ नाटक तथा सर्वे किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. आर के सिंह, गोपाल सिंह, मनोज कुमार, वर्षा सक्सेना, रोशन कुमार, ज्योति, आरती राणा, कामिनी राणा, शिक्षणेत्तर पंकज सिंह बोहरा, पूनम राणा, नीमा गोस्वामी समेत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दुर्गानाथ गोस्वामी, देव राम, मुकेश कुमार सम्मिलित थे। धन्यवाद ज्ञापन के लिए महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ दी और कहा कि आपको सभी के साथ तालमेल बैठाकर काम करना है। अतिथियों को सम्मान के रूप में पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं पूजा भट्ट, महिमा, संगीता विश्वास, सविता गौतम, बंकिम रॉय, महक राठौर, मनप्रीत कौर, रॉबिन्स राणा आदि ने योगदान दिया।

# सुषमा स्वराज सम्मान समारोह 14 मार्च को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता महिला मोर्चा द्वारा 14 मार्च को सुषमा स्वराज सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है ।इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही 14 महिलाओं को सुषमा स्वराज सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीमती विमला मुडेला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान समारोह मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री सुश्री भावना मेहरा, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रीमती रुचि भट्ट और प्रदेश उपाध्यक्ष नेहा शर्मा होंगी। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह में उधम सिंह नगर जनपद के विभिन्न शहरों में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 14 महिलाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 10 मार्च से 15 मार्च तक स्वर्गीय सुषमा स्वराज सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के नाम पर सम्मान की शुरुआत करके नारी शक्ति के गौरव को बढ़ाया है।

# पार्टी में युवक पर तमंचे की बट से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शादी की पार्टी में दुल्हन व उसके भाई की हो रही पिटाई में बीच बचाव करने आए युवक पर हमलावरों ने तमंचे की बट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनिल यादव पुत्र अर्जुन सिंह निवासी वार्ड 5 खेड़ा ने कहा है कि 4 मार्च को शादी कि पार्टी थी। जिसमें सागर, अभिषेक पुत्रगण राम कुमार निवासी भदईपुरा भी आये थे। जिसका पार्टी में किसी अन्य लडको से झगड़ा हुआ। आरोप है उन्होने दुल्हन के भाई व दुल्हन को बुरी तरह कुर्सीयो से मारा पीटा। जब उसने बीच बचाव करवाया तो हमलावरों ने उसके सिर पर तंमचा बट मारकर सिर फाड़ दिया। जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। उक्त लोग जान से मारने कि धमकी देते हुए भाग गये। दुल्हन के भाई को भी घायल कर दिया। अनिल का कहना है उसके सिर पर कई टांके आये है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध अंग्रेजी शराब और हजारों की नगदी सहित तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार में तीन तस्करों को अवैध अंग्रेजी शराब और हजारों की नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सुमित गंगवार उर्फ हिमांशु पुत्र धर्मेन्द्र कुमार उर्फ ओमपाल निवासी ग्राम



बरा थाना पुलभट्टा एवं अंकित राठौर पुत्र रूपलाल निवासी ग्राम बरा थाना पुलभट्टा एवं रंजीत सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी ग्राम नकुलिया थाना सितारगंज को कूड़े के ढेर के पास कार में 192पव्वे और 96 अदधे अंग्रेजी शराब तथा 25500 रूपये नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। पकड़ने वाली टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी, उपनिरीक्षक हरविन्दर कुमार, कांस्टेबल गणेश धानिक, महेन्द्र कुमार, ,एसओजी के कांस्टेबल ललित कुमार,गणेश पाण्डे आदि शामिल थे।

# आरटीओ कार्यालय से लगे जंगल में लगी आग

बागेश्वर(उद संवाददाता)।वन पर्यावरण की अनमोल धरा, वनाग्नि से पर्यावरण हुआ प्रदूषित,समझो और समझाओ, वनाग्नि से जनजन को होगी परेशानी, जंगलों में आग की घटनाएं अब बढ़ने लगी है, ऐसे में सरकार वन विभाग पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाली विभिन्न समितिया वनाग्नि रोकने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। जिले में आग की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार की देर शाम बिलौना स्थित आरटीओ कार्यालय के पास के जंगल में आग लग गई। धीरे-धीरे आग पूरे जंगल की तरफ फैलने लगी। जंगल के पास ही स्कूल भी है। आग के रिहायशी इलाके में फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने आग के घटना की जानकारी पुलिस व



दमकल विभाग को दे दी है।जिले के जंगल पिछले 15 दिन से लगातार जल रहे हैं। पौड़ीबैड, से लेकर बिलौना के जंगल में तीन दिन से आग लगी हुई है। वन विभाग व दमकल विभाग आग बुझाकर अपने कार्यालय तक ठीक से नहीं पहुंच रहे हैं जंगल फिर से जलने लग रहे हैं। शुक्रवार की देर शाम वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पौड़ीधार के जंगल की आग बुझाई। शनिवार की देर शाम बिलौना के जंगल में आग लग गई। आग के स्कूल तथा एआरटीओ कार्यालय तक पहुंचने की आशंका बढ़ गई। इस कारण क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग व दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद दोनों विभाग के कर्मी मौके की ओर रवाना हो गए हैं।वही जिले में कई स्थानों पर वनाग्नि की घटनाओं से पर्यावरण चक्र बिगड़ने लगा है, वही जीवनदायिनी स्वच्छ हवा में धुंध की विषैली गैस दमा और स्वास रोगियों के लिए घातक बन गई है, ऐसे में हम सभी को बिगड़ते पर्यावरणीय चक्र को सुधारने के लिए वनाग्नि जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास करने चाहिए। प्रभागीय वनाधिकारीवन क्षेत्राधिकारी हिमांशु बागरी ने बताया कि वन विभाग जंगल की आग पर बराबर नजर बनाए हुए है। जल्द आग पर काबू पा लिया जाएगा।

# जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरित किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चिल्ड्रन एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में संस्था के पदाधिकारियों ने धर्मार्थ कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग जो गुजारे के लिए नित्यप्रति संघर्ष करते हैं से आने वाले परिवार के बच्चों को कपड़े प्रदान



किए। संस्था द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक सेवा के कार्य किये जाते रहते हैं। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थानाध्यक्षों का स्थानांतरण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किए हैं। जिसमें निरीक्षक।उपनिरीक्षक आदि शामिल है।जिले में वर्तमान में सिविल पुलिस के चार निरीक्षक है।जिनमें वर्तमान में केवल एक निरीक्षक के पास कोतवाली पुलिस में प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी है। वही पूर्व में एक निरीक्षक द्वारा जल्द स्थानांतरण कराने की सूत्रों से जानकारी मिल रही है।ऐसे में पुलिस अधीक्षक द्वारा बेहतर कार्यशैली के आधार पर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाती है। वही पुलिस विभाग में पुलिस अधीक्षक द्वारा समीक्षा कर सभी जिम्मेदार अधिकारियों को थानों और पटलों की जिम्मेदारी दी जाती है। वही वर्तमान में सिविल पुलिस में जिले के चार निरीक्षकों में एक निरीक्षक को कोतवाली। जबकि दो निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिम्मेदारी दी गई है जबकि पूर्व में कोतवाल और एसओजी प्रभारी रहे सिविल पुलिस के निरीक्षक जगदीश ढकरियाल को यातायात प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वही जिले में कोतवाली के अलावा थाना कपकोट। बैजनाथ कांडा।झिरोली। कौसानी में थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी उपनिरीक्षकों को दी गई है। वही पुलिस अधीक्षक की विशेष पुलिस एसओजी की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक के पास है। गौरतलब है कि पूर्व में दो निरीक्षकों को एसओजी प्रभारी की जिम्मेदारी पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई थी। उसके बाद सूत्रों के हवाले से खबर है कि उपनिरीक्षक कुंदन रौतेला को लंबे समय से एसओजी का प्रभारी बनाया गया है। वही एसओजी प्रभारी की कार्यकुशलता से अधिकारी संतुष्ट नजर आए है। वही पूर्व में भी एसपी हिमांशु वर्मा द्वारा विभिन्न थानों और चौकी प्रभारियों के कार्यस्थल को बदलने के निर्देश हुए थे परंतु कुछ समय बाद उन्हें स्थगित किया गया था। वही अब पूर्व सूची के आधार पर लंबे समय से थाना। चौकी से स्थानांतरण किए गए अधिकारियों को तत्काल ज्वाइनिंग के निर्देश दिए हैं।पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने कहा कि प्रभारी थाना झिरौली इंस्पेक्टर राजेंद्र रावत को वाचक पुलिस अधीक्षक। बैजनाथ थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट को कपकोट।प्रताप सिंह नगरकोटी को झिरौली। मनवर सिंह को कौसानी। संजय बृजवाल को रीमा चौकी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वाचक आनंद लाल को कोतवाली। पुलिस चौकी रीमा से खुशवंत सिंह को थानाध्यक्ष कांडा। मीना रावत को प्रभारी महिला हेल्प लाइन कोतवाली से खष्टी बिष्ट को पुलिस कार्यालय। पुलिस लाइन से हरीश लाल को कोतवाली दीवान सिंह रौतेला को कौसानी दिनेश चंद्र जोशी को कोतवाली भेजा गया है।वही कोतवाली में तैनात वरिस्ठ उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह को बैजनाथ भेजा है।वही एसपी हिमांशु वर्मा ने कानून व्यवस्था दुरुस्त रखना अपनी प्राथमिकता बताया है।


# डूबे युवक की बरामदगी की मांग

रूड़की। होली के दिन नहर में डूबे युवक की हत्या का आरोप परिजनों ने साथ वाले युवकों पर लगाया है। भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता भी कोतवाली पहुंचे और मामले में खुलासे की मांग की। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक भी हुई। रुड़की में सोलानी नदी पुल के समीप होली के दिन रजत कुमार निवासी शेखपुरी गंगनहर में नहाते समय डूब गया था। घटना के चार दिन बीतने के बाद भी अभी तक युवक का कोई पता नहीं लगा है। मामले में युवक के परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है।

# एकांकी वृद्धा की हत्या का पर्दाफाश

## किरायेदार बनकर घर में घुसा था युवक, पुलिस टीम ने 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर हत्यारोपी युवक को किया गिरफ्तार

देहरादून। पटेलनगर के भंडारीबाग में तीन मार्च को हुई एकांकी वृद्धा की हत्या का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने अल्मोड़ा के युवक को गिरफ्तार किया है। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर के अनुसार, वृद्धा अपने घर का एक कमरा किराये पर देना चाहती थी और आरोपित युवक इसी बहाने घर में घुसा था। कोरोनाकाल में होटल मैनेजर की नौकरी छूट जाने के बाद आरोपित किसी बड़ी लूटपाट को अंजाम देकर रकम कमाना चाह रहा था। हालांकि, वृद्धा की हत्या के बाद आरोपित को घर से चार-पांच हजार रुपये ही मिले, जिसे लेकर वह फरार हो गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू व लूटे गए 1670 रुपये और कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपित महेंद्र सिंह मेहता अल्मोड़ा जिले के ग्राम पिटूनी पोस्ट का मूल निवासी है और वर्तमान में देहरादून के देहराखास स्थित टीएचडीसी कालोनी में रह रहा था। शनिवार को अपने कार्यालय में एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने घटना का राजफाश किया। उन्होंने बताया कि चार मार्च की सुबह न्यू वसंत विहार एन्क्लेव निवासी विनीता ध्यानी ने पुलिस को सूचना दी कि भंडारीबाग में शिवराम उनियाल स्कूल के सामने स्थित घर में अकेली रहने वाली उनकी 75 वर्षीय मां कमलेश धवन की किसी ने हत्या कर दी है। विनीता रोजाना सुबह व रात को मां को फोन काल कर कुशलक्षेम पूछती थीं, लेकिन जब तीन मार्च की रात और चार मार्च की सुबह मां ने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने मां के पड़ोस में रहने वाले एक टेलर को फोन कर घर भेजा। टेलर जब घर पहुंचा तो देखा कि कमलेश धवन का खून से लथपथ शव फ्रिज के बगल में जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना की प्रारंभिक जांच में ही पुलिस इसे लूटपाट के इरादे से की गई हत्या मानकर जांच कर रही थी। एसएसपी ने बताया कि घटना में एसपी क्राइम सर्वेश पंवार, एसपी सिटी सरिता डोबाल, पटेलनगर इंस्पेक्टर सूर्यभूषण नेगी, नेहरू कालोनी थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा और एसओजी इंचार्ज मुकेश त्यागी के नेतृत्व में नौ जांच टीमें गठित की गईं। टीमों ने आसपास लगे करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और करीब 150 व्यक्तियों से पूछताछ की। कैमरे की फुटेज में दो मार्च की शाम एक युवक मृतका कमलेश धवन के घर जाता हुआ दिखाई दिया। यह युवक 12 मिनट के बाद वापस आ गया। यही युवक तीन मार्च की दोपहर दोबारा कमलेश धवन के घर में गया और करीब पौन घंटे बाद जल्दबाजी में बाहर आता हुआ दिखाई दिया। हालांकि, फुटेज में आरोपित का चेहरा स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहा था। पुलिस ने उसके कपड़ों





व चाल-ढाल के आधार पर घर के पास लगे अन्य कैमरों की जांच की तो एक कैमरे में युवक का चेहरा कैद मिला। पुलिस ने इस युवक महेंद्र सिंह मेहता को शुक्रवार देर शाम दबोच लिया। पूछताछ में उसने लूट के इरादे से तीन मार्च की दोपहर हत्या की बात स्वीकार कर ली। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपित महेंद्र सिंह मेहता पिछले 12 वर्षों से देहरादून में रह रहा है। पहले वह चुक्खू मोहल्ले में किराये के कमरे में रहता था व आइएसबीटी के पास स्थित होटल हैरिटेज में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। कोरोनाकाल में उसकी नौकरी छूट गई, जिसके बाद वह अवसाद में रहने लगा और उसे नशे व जुए की लत लग गई। इस कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर बच्चों के साथ मुंबई स्थित मायके चली गई। दिसंबर-2021 से महेंद्र अपनी मुंहबोली बहन प्रीति के मकान में देहराखास में रह रहा था। दो मार्च को वह भंडारीबाग के पास पैदल घूम रहा था तो उसने घर के बाहर कमलेश धवन को अकेली बैठा देखा। वह किराये पर कमरा लेने के बहाने घर में घुसा और कमलेश धवन से बातचीत की। तभी उसे कमलेश के घर में अकेली रहने का पता चला। इसलिए उसने कमलेश की हत्या कर गहने व नकदी लूटने की साजिश रची। दो मार्च को सामान्य बातचीत के बाद आरोपित महेंद्र लौट गया, लेकिन अगले दिन वह लूट के इरादे से चाकू लेकर दोबारा कमलेश धवन के घर पहुंचा। उसने पहले पीने के लिए पानी मांगा और जैसे ही कमलेश धवन पानी लेने के लिए अंदर गई, तभी महेंद्र ने पलंग पर रखे कमलेश के पर्स को टटोलना शुरू कर दिया। कमलेश ने उसे देखकर शोर मचाया तो महेंद्र ने चाकू के बल पर उन्हें धमकाया। जब कमलेश विरोध करने लगी तो महेंद्र ने चाकू से गला काटकर उनकी हत्या कर दी। खींचतान के दौरान फ्रिज व टेबल पर रखा सामान नीचे बिखर गया और फ्रिज के ऊपर रखे वाइफाइ का कनेक्शन भी टूट गया। हत्या के बाद उसने घर में गहने व नकदी तलाशी, लेकिन उसे एक काले पर्स में सैन्य कैंटीन का कार्ड, गाड़ी के कागज जबकि दूसरे पर्स में चार-पांच हजार रुपये मिले। कुछ देर तलाशी के बाद भी जब जेवरात नहीं मिले तो वह फरार हो गया। एकाकी वृद्धा की हत्या के बाद पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था पर उठे सवालों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने एक सप्ताह में घटना का राजफाश करने की चेतावनी एसएसपी को दी थी। साथ ही एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल को भी जांच में लगाया था। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस को जब आरोपित नहीं मिला तो एसटीएफ की मदद ली गई और आठ दिन के भीतर मामले का राजफाश कर दिया गया।

# नशे के लिए दोस्त संग दीदी के घर से उड़ाए लाखों के जेवर, माल समेत दोनों हुए गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे की लत पूरी करने के लिए एक युवक ने अपने दोस्त को साथ लेकर मुंहबोली बहन के घर में अलमारी में रखे लाखों रुपए कीमत के जेवर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों युवकों को चुराए जेवर समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 10 मार्च को वादिनी श्रीमती आकांक्षा पत्नी सूरज थापा निवासी बद्रीपुरा द्वारा कोतवाली में आकर रपट दर्ज कराई गयी कि 9 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर की अलमारी में रखे आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। मामले के खुलासे के लिए हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। जिसमें शामिल धर्मेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी हीरानगर, कानि. पूरन मेहरा, ललित नाथ द्वारा घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को बारीकी से अवलोकन किया गया। चौकिग के दौरान मुखबिर से यह सूचना मिलने पर



कि जिन लोगों ने आकांक्षा के घर चोरी की है वह दोनों रूपनगर को जाने वाले रास्ते की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुये रूपनगर को जाने वाले रास्ते पर दो व्यक्ति पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता योगेश लोहनी पुत्र स्व. दीप चन्द्र लोहनी निवासी बद्रीपुरा तथा सागर परमार पुत्र राजकुमार परमार निवासी शिव विहार कठघरिया थाना मुखानी बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के पास से चुराई गई अंगूठी, दो अदद टॉप्स, एक आईफोन, दो मंगलसूत्र, दो पैर के बिछुए बरामद किए।पूछताछ में उन्होंने बताया कि पर वह आकांक्षा उर्फ माही दी को काफी समय से जानते हैं। आकांक्षा दी के घर पर आना जाना रहता है। नशे के आदि हैं तथा आये दिन नशा खरीदने के लिए पैसों की आवश्यकता पड़ती है। होली में सारे पैसे खर्च हो गये थे। जिस कारण दोनों ने आकांक्षा उर्फ माही दीदी के घर में अलमारी के अंदर रखे उनके सोने के जेवर चुराए थे। जिन्हें हम बेचने के जा रहे थे। पुलिस ने जेवर कब्जे में लेकर योगेश व सागर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# निगम के कूड़ा वाहन चालक और हेल्पर को किया बर्खास्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय आज क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को धरातल पर जांचने के लिए निकल पड़े। उन्होंने गैस गोदाम रोड में डोर टू डोर कूड़ा वाहन के साथ चालक व हेल्पर का सत्यापन किया। जिसमें वार्ड 43 के वाहन चालक राजीव शर्मा और देव राजोर की सेवाएं लापरवाही के कारण तत्काल समाप्त कर दी गईं। निरीक्षण के दौरान कूड़ा गाड़ी चालक गौरव व हेल्पर का कार्य सही पाया गया। वहीं दूसरे चालक विकास व हेल्पर का कार्य भी सही पाया गया। जबकि तीसरे कूड़ा वाहन चालक राजीव शर्मा और हेल्पर का कार्य सही नहीं पाये जाने और लगातार लापरवाही के दृष्टिगत दोनों को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर एमएनए ने वाहन मौके पर ही कब्जे में लिया और निगम के आरक्षित वाहन चालक और हेल्पर को बुलवाकर उन्हें वाहन पर तैनात कर गैस गोदाम रोड व अन्य जगहों का कूड़ा कलेक्शन करने हेतु रवाना किया। उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर निगम के तमाम वार्डो का औचक निरीक्षण करते हुए सफाई का जायजा लेने का प्रतिदिन निर्णय लिया है। जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है, जो कि भविष्य में भी जारी रहेगी।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# गलत जानकारी देने पर जेसीआई ने जेडवीपी को पद से हटाया

रूद्रपुर। जेसीआई के जोनल वाईस प्रेसीडेंट पद के चुनाव में गलत जानकारी देने पर संस्था ने शहर के व्यवसायी अमित जैन को पद से हटाया दिया है। उनके स्थान पर नये जोन वाईस प्रेसीडेंट की नियुक्ति की गयी है। बता दें जेसीआई समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाली विश्व स्तरीय संस्था है। यह संस्था विश्व के कई देशों में काम कर रही है। सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संस्था ने देश भर में अलग अलग जोन बनाये हैं। उत्तराखण्ड और यूपी को मिलाकर एक जोन बनाया गया है। जिसमें 41 चैप्टर यानि शहर इकाईयां आती हैं। प्रत्येक जोन में एक जोन प्रेसीडेंट नियुक्त किया जाता है जिसके अधीन तीन वाईस जोन प्रेसीडेंट आते हैं। तीनों वाईस जोन प्रेसीडेंट अपने-अपने क्षेत्र के चैप्टरों यानि शहर इकाईयों में प्रेसीडेंट से हर महीने कार्यों की समीक्षा लेते रहते हैं। संस्था की नियमावली के अनुसार संस्था में पद हासिल करने के लिए आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गयी है। यानि 40 वर्ष से अधिक उम्र का व्यक्ति किसी भी पद पर नियुक्त नहीं हो सकता है, जेसीआई ने एक नई संस्था 40 वर्ष से अधिक लोगों के लिए सीनियर मेंबर एसोसिएशन(सीएमए) बनाई है। जोन वाईस प्रेसीडेंट की नियुक्ति के लिए सभी चैप्टरों से नाम मांगे जाते हैं जिसमें से तीन नामों का सर्वसम्मति से चयन किया जाता है। सर्वसम्मति नहीं होने पर चुनाव प्रक्रिया से चयन किया जाता है। संस्था के सीनियर मेंबर ने बताया कि पूर्व की तरह इस बार भी जोन वाईस प्रेसीडेंट के लिए नाम मांगे गये थे। जिसमें रूद्रपुर के अमित जैन ने भी अपना नाम दिया था। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर जोन प्रेसीडेंट अभिनव गुप्ता ने जोन वाईस प्रेसीडेंट के लिए राय बरेली के पवन अग्रवाल, झांसी के दीपक सोनी और रूद्रपुर के अमित जैन के नामों की घोषणा कर दी। जबकि अमित जैन की उम्र 40 के पार हो चुकी थी। जिस पर कुछ सदस्यों ने आपत्ति लगायी और आपत्ति लगने पर जब अमित जैन के दस्तावेजों की जांच की गयी तो पता चला कि अमित जैन ने जो आधार कार्ड पेश किया था उसमें कूट रचना करके उम्र कम दर्शायी गयी थी। जब उनके पासपोर्ट की जांच की गयी तो सारा मामला खुल गया। जिस पर जोन प्रेसीडेंट ने अमित जैन को पद से हटा दिया और उनके स्थान पर मथुरा की शिखा गोयल को जोन वाईस प्रेसीडेंट नियुक्त किया है। यह मामला जेसीआई संस्था से जुड़े लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# आईजीएल काशीपुर ने अशोका लीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में प्रथम सर्विसेज क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का 11वां लीग मैच आईजीएल काशीपुर और अशोका लेलैंड रुद्रपुर के मध्य मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर में खेला गया। इस मैच का उद्घाटन आईजीएल काशीपुर के एडमिशन हेड विक्रांत चौधरी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात किया गया आईजीएल काशीपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 156 रन बनाए। आईजीएल काशीपुर की तरफ से शशांक सैलेरिया ने 47 ,कप्तान शरीष स्प्रिन



ने 30, कृपाल सिंह ने 26 और अमित यादव ने 19 रनों का योगदान दिया ।अशोका लीलैंड की तरफ से पवन ने 2 सुरेंद्र फर्त्याल ,अमन और कृपाल सिंह ने 1-1 विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अशोका लीलैंड की की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 144 रन बना सकी।अशोक लीलैंड की तरफ से अमन उनियाल ने 25 ,कृपाल सिंह ने 26 ,पवन ने नाबाद 24 और नवीन गड़िया के 22 रनों की बदौलत टीम ने मैच को अंतिम ओवर तक ले आए परंतु यह मैच अशोका लीलैंड 12 रनों से हार गई।आईजीएल काशीपुर की तरफ से ललित राजपूत ने 3 ,अंकित नेगी ने 2 विकेट लिएअच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए ललित राजपूत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अशोका लीलैंड के एचआर मैनेजर सुनील पटवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मैच के अंपायर तरुण आर्य और इंद्रनील कर ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। इस अवसर पर आईजीएल के प्लांट हेड और वरिष्ठ क्रिकेटर अजय कुमार चहल ,बलवंत सिंह आफताब, गौरव तिवारी ,प्रिंस मुकेश ,हरमन सिंह और तमाम खेलते में उपस्थित रहे ।

## पेज एक का शेष...

**उजाड़े जाने के खिलाफ...** तनेजा, पार्षद मोहन खेड़ा, रंजीत सिंह, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, शिव कुमार, विधान राय, सुरेश गौरी, शैलेन्द्र कुमार, अनिल तनेजा, अजय कक्कड़, हरजीत सिंह, मनीष कालड़ा, विनोद ठुकराल, हर्ष रावल, विक्की रावल, हरीश पिन्नी, अनिल कक्कड़, राजा मदान, प्रताप सिंह, नरेंद्र चावला, सुनील प्रजापति, केशव नारंग, करमजीत सिंह, अमरदीप सिंह, राजू जोशी, इस्लाम मियां, हरीश जोशी, जगवीर सिंह, रवि गुलाटी, गगन कालरा, प्रशांत, ललित मेहता सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

**दस हजार के दो...** थाना नानकमत्ता में एनडीपीएस एक्ट में दो दो मुकदमे लंबित हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट भी जारी हुए हैं। दोनों अपराधी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव और उसकी टीम की पीठ थपथपाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि वांछित अपराधियों के खिलाफ आगे भी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई दीवान सिंह बिष्ट एसआई शंकर सिंह बिष्ट, लक्ष्मण जोशी, प्रवीण गोस्वामी, नवनीत कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**मेयर और पार्षदों ने ...** रणजीत सागर, आयुष तनेजा, सचिन मुंजाल, प्रमोद शर्मा, मोहन गुप्ता, किरण राठौड़, शिव कुमार गंगवार, जितेंद्र यादव, विधान राय, आयुष तनेजा, सुशील चौहान, मानस बैरागी, विनय विश्वास, डॉ राकेश सिंह, बाबू खान, नंदलाल शर्मा, परवेज खान, राकेश पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**बेरोजगारी से तंग...** रुद्रपुर चिकित्सालय लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax), 9897427585, 9897427586(Mob.)

# भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक आयोजित

## मार्च अंत तक पूर्ण करें पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति

रुद्रपुर( दर्पण संवाददाता)। विधानसभा रुद्रपुर में बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य वक्ता के रूप में आये ऊधम सिंह नगर जिले के सह प्रभारी एव प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक द्वारा किया गया। बैठक में अध्यक्षीय भाषण के रूप में जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कहा कि हाल की में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा देश की संसद में दिये गये भाषण अपने आप मे विशेष है उन्होंने बताया भारत देश की पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन चुकी है देश अमृत काल मे विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। कमल जिंदल ने कहा प्रदेश नेतृत्व द्वारा बूथ समिति पन्ना प्रमुख तक रचना का लक्ष्य दिया है । वही बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रभारी गुरविंदर सिंह चंडोक ने कहा पार्टी संगठन की रचना का कार्य अपने अंतिम चरण ओर प्रदेश नेतृत्व ने मार्च के अंत तक बूथ समिति ओर पन्ना प्रमुख के गठन के कार्यो को अंतिम रूप देना ओर साथ ही 6 अप्रैल को जब पार्टी अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही हो तब तक हमारी संगठन की रचना का कार्य पूर्ण हो गया हो। चंडोक ने कहा निश्चित रूप से संगठन ने यह लक्ष्य जो दिया है उसको कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से पूरा करेगे । वही बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान रुद्रपुर विधानसभा के सयोजक एव विधायक शिव अरोरा ने नकल विरोधी कानून विषय पर अपने विचार रखे विधायक ने कहा प्रदेश युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और भर्ती परीक्षा में शुचिता ओर पारदर्शिता के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लाये गये सख्त नकल विरोधी कानून जो दर्शाता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के उज्जवल भविष्य को लेकर चिंतित हैं निश्चित रूप से आने वाले प्रत्येक भर्ती परीक्षा में योग्य उम्मीदवार सामने आएंगे ऐसा विश्वास है। विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रदेश की धामी सरकार लगातार प्रदेश हित मे कार्य करती आ रही है और आने वाले समय मे उत्तराखंड देश के सबसे अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा ऐसा विश्वास है। विधायक शिव अरोरा ने सभी कार्यकर्ताओं को कहा पार्टी संगठन द्वारा जो बूथ समिति ओर पन्ना प्रमुख के गठन का लक्ष्य दिया है उसको समय रहते पूर्ण करेगे ऐसा विश्वास है । वही बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला सयोजक एव जिले के महामंत्री अमित नारग ने भी पार्टी के कार्यकताओ को बूथ समिति गठन एव पन्ना प्रमुख की रचना को लेकर बिंदुवार समझते हुए अपने विचारों को रखा। बैठक में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मण्डल प्रभारी हरीश खनवानी, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, जिला उपाध्यक्ष शालनी बोरा, अजित साह, नेत्रपाल मौर्य, राजेश जग्गा, सुनील ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, आयुष चिल्लाना, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, राधेश शर्मा, नुक्त प्रसाद राठौर, गिरीश पाल, धीरेंद्र मिश्रा, सहित सभी शक्तिकेन्द्र सयोजक शक्ति-केन्द्र प्रभारी आदि लोग मौजूद रहे।





# जिला प्रभारी ने दिया बूथ को मजबूत करने का मंत्र







गदरपुर( उद संवाददाता)। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा गदरपुर विधानसभा की एक बैठक गदरपुर स्थित सेठी मैरिज पैलेस में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रभारी सुरेश भट्ट ने कहा कि भाजपा बूथ आधारित पार्टी है और हम बूथ जीता चुनाव जीता के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा इसी महीने के अंत तक प्रत्येक बूथ की टोली और पन्ना समिति बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और बूथ की टोली के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी विजय पताका लहराएगी। इस मौके पर नकल विरोधी अध्यादेश लागू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, महेंद्र कालड़ा, अनादि रंजन मंडल, अमित सिंह, गुरबख्श सिंह बग्गा, विकास गुप्ता , मोहन बिष्ट ,सुदेश चौहान, गूलरभोज चेयरपर्सन अनीता दुबे, दिनेशपुर चेयरपर्सन सीमा सरकार, हिमांशु सरकार, भोला शर्मा, अशोक हुड़िया, राजेश गुंबर मिनी, मनजीत सिंह बिट्टा, संजय चौधरी, रविंद्र प्रधान, अनिल जेटली, राहुल अग्रवाल, चिंतन अरोरा, अशोक छाबड़ा, सतीश छाबड़ा, मनोज गिरी, ज्योति अरोरा, राजेश मिनी, शिशिर तरफदार, संजय शाह, नरेश हुड़िया, सुभाष गुंबर, पंकज सेतिया, सतीश चुघ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिक्स सिगमा के एनएसएस छात्रो का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिगमा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना दो यूनिट के शिविर का शुभारंभ सिक्स सिगमा कॉलेज के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की, इस दौरान छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया द्य एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता से संबंधित स्लोगन लिखे हुए तख्तीयो को अपने हाथों में लिए हुए, नारे लगाते हुए चल रहे थे राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट शिविर के प्रथम दिन स्वच्छता पर राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथ दोहराई गई कॉलेज के छात्रों द्वारा उठे समाज के लिए उठे उठे आदि गीत दोहराया गया और राष्ट्र के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता का एक संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उधम सिंह नगर के एनएसएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज जोहरी और सिंचाई विभाग के एसडीओ राजकमल चक्रपाणि का स्वागत सिक्स सिगमा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह और सिक्स सिगमा कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य माननीय ललित सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंधक निदेशक सीए शिव अरोरा, निर्देशिका महोदया डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश दवार, व वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उधम सिंह नगर के एनएसएस के डिस्टिक कोऑर्डिनेटर मनोज जोहरी और सिंचाई विभाग के एसडीओ राजकमल चक्रपाणि, कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट और कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह , एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन एस एस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एनएसएस के कोऑर्डिनेटर माननीय प्रियरंजन तिवारी, महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा एवं दीपिका नेगी और साथ ही इंजीनियर मुकेश कुमार, कार्तिक हालदार, एप्लाइड साइंस के कार्यकर्ता कृष्णशील और फार्मेसी डिपार्टमेंट से रोहित पडियार, नवनीत तिवारी जी कार्यक्रम में उपस्थित थे।



# ब्राह्मण महासभा ने किया महिलाओं को सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान महासभा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में विशेष योगदान करने वाली पचास महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली सभी महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति



पत्र दिया गया। जिनमें रूद्रपुर से सुषमा वाजपेई, गायत्री पाण्डे, साध्वी गुप्ता, शालिनी गुप्ता, सरोज तिवारी, आरती अरोरा शामिल थीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल शर्मा, महासचिव उमेश चंद्र जोशी, गौरव शर्मा, चंदू कुमार जोशी आदि मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद के प्रमोद गगनेजा बने अध्यक्ष

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद की गदरपुर शाखा का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमेंअध्यक्ष पद पर डॉ प्रमोद गगनेजा,सचिव पद के लिए प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव अनेजा, उपाध्यक्ष गौरव मदान को सर्वसम्मति से चयनित किया गया।



चुनाव अधिकारी श्री पैगिया के सानिध्य में किये गये में प्रान्तीय सचिव दीपक सुधा पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद धवन पूर्व अध्यक्ष विनोद चुघ,राकेश भुडी अशोक भुडी, पूर्व सचिव पंकज बजाज मनोज, डाबर संयोजक द्रोण बाजपेयी चकित हुडिया आदि सदस्य शामिल रहे।

# राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार के खिलाफ निकाला गुबार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क से तीन दिवसीय रथयात्रा का प्रारंभ करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के मामले में सरकार कांण बिराव मान लै पतवै वाली कुमाऊनी कहावत को चरितार्थ कर रही है पर्वतीय क्षेत्र के लिए भी सरकार काकमोबेश यही रवैया है। राज्य बनने केबादजहांविधायकों का वेतन कई गुना बढ़ गया है वहीं राज्य आंदोलनकारियों को सम्मान जनक पैंशन मिलना तो दूर छूटे राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण तक नहीं हो पा रहा है, आश्रित दर दर भटक रहे हैं।आम जनता बंदरों सुवरों,आवारा जानवरों से परेशान हैं। शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है कि, सरकारी नौकरियों के द्वार आम युवाओं के लिए बन्द हैं । विकास योजनाओं के धन में निरंतर कटौती हो रही है छोटे छोटे कार्यों में राजनैतिक हस्तक्षेप हो रहा है जिससे बिकास में भारी असंतुलन पैदा हो गया है तथा पलायन बढ़ गया है परिणामस्वरूप पहाड़ के गांव के गांव जनशून्यता की ओर बढ़ रहे हैं।रथयात्रा मे ब्रह्मानंद डालाकोटी महेश परिहार शिवराज बनौला दौलत सिंह बगड़वाल, देवनाथ,खड़क सिंह मेहता ,मोहन सिंह भैसोड़ा, हेम जोशी, दिनेश शर्मा, बहादुर राम, लछम सिंह, गोपाल सिंह बनौला, कुन्दन सिंह, कृष्णानंद पाण्डेय, तारा भट्ट, सुन्दर राम, कैलाश राम, तारा राम, तारा दत्त तिवारी, बसंत बल्लभ जोशी, विषम्भर दत्त पेटशाली, डुंगर सिंह रावत, रघुनन्दन पपनै, पूरन सिंह बनौला,सुन्दर सिंह तारा देवी सहित अनेको राज्य आंदोलनकारी उपस्थित थे।

